हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 आंगबाड़ी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में दिखाया जलवा...



07 वन अमले के पीछा कर पकड़ने की कोशिश...



## खबर संक्षेप

### स्वच्छता मित्रों का किया गया सम्मान

सीहोर। नगर पालिका द्वारा महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वयं सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और सफाई मित्रों का सम्मान किया। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि आज शहर जो साफ-सुथरा दिखाई देता है, उसमें सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे प्रतिदिन परिश्रम और जिम्मेदारी के साथ शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सफाई मित्रों के परिश्रम को नमन करते हुए कहा कि उनके योगदान का सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सफाई मित्रों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण में सफाई मित्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आम नागरिकों से भी स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाने की अपील की गई। नप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल नगर पालिका के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से बनता है। सभी नागरिक अपने घर, आसपास के क्षेत्र और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें, ताकि शहर को निरंतर स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके। कार्यक्रम में सर्वधर्म की प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई।

दलिया नमकीन फैक्ट्री में आग से लाखों का सामान और उपकरण जलकर खाक

# दो घंटे किया दमकल का इंतजार, लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के किए इंतजाम



घटना स्थल पर समय पर दमकल नहीं पहुंचने से आग हुई विकराल, इस कारण अगजनी की घटना में हुआ ज्यादा नुकसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में स्टेट हाइवे पर अदालत के सामने स्थित गोधन दलिया, मसाला उद्योग एवं विनायक नमकीन फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि फैक्ट्री में रखी नमकीन, मिर्च-मसाले, कच्चा माल और लाखों रुपये के उपकरण जलकर पूरी तरह खाक हो गए। सूचना के करीब दो घंटे बाद सीहोर से फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक स्थानीय लोगों ने आग पर जैसे तैसे नियंत्रण कर लिया था। फिलहाल आगजनी के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार अल सुबह जब वह हाइवे पर टहल रहे थे इसी दौरान उन्हें अदालत के सामने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री के भीतर से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दी। इस पर राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी फैक्ट्री को अपनी आगोश में ले लिया। इस दौरान फैक्ट्री में रखा सामान और उपकरण जलकर खाक हो गए।

#### दो घंटे में भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन दो घंटे तक दमकल घटना स्थल पर नहीं पहुंची। नागरिकों ने बताया कि दमकल वाहन के समय पर न पहुंचने से आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। यदि समय रहते दमकल की गाड़ी पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था।

#### लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक

नागरिकों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर किया काबू - आगजनी से फैक्ट्री में रखी सेव-नमकीन, तैयार व कच्चा मिर्च-मसाला, पैकेजिंग सामग्री और कीमती मशीनरी पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित कारोबारी हरी गुप्ता ने बताया कि इस भीषण हादसे में उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



# अपराध पर अंकुश लगाने थाना परिसरों में हुई बदमाशों की परेड

## जिला बदर की होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने, आगामी त्योहारों के दौरान शांति सुनिश्चित करने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस ने अभियान शुरू किया है। एसपी सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशों व एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में जिले के सभी शहरी, ग्रामीण थाना परिसरों में सूचीबद्ध गुंडों, आदतन अपराधियों तथा बदमाशों की परेड कराई गई और उनका भौतिक सत्यापन किया।

बता दें मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसपी द्वारा दिए गए स्पष्ट आदेशों के पालन में सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के सक्रिय, निष्क्रिय और हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों को थानों में तलब कर परेड करवाई। सत्यापन के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बदमाशों के वर्तमान निवास स्थान, पारिवारिक पृष्ठभूमि और उनकी आजीविका के वैध साधनों की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही अपराधियों के वर्तमान में सक्रिय मोबाइल नंबर, वाहनों के पंजीयन क्रमांक, बैंक खातों का ब्योरा और ताजा फोटो एकत्र कर थाना रिकॉर्ड तथा क्राइम डोजियर में दर्ज की गईं।

पुलिस द्वारा उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स और संदिग्ध संपर्कों पर भी निगरानी रखने के लिए विवरण जुटाया गया है।

#### संदिग्ध की पड़ताल

अभियान के तहत पुलिस ने इस बात की गोपनीय जांच की है कि ये बदमाश वर्तमान में किन लोगों के संपर्क में हैं, उनकी दैनिक दिनचर्या क्या है और क्या वे किसी संगठित गिरोह अथवा जुआ, सट्टा, अवैध शराब या मादक पदार्थों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों से जुड़े हैं। थाना परिसरों में परेड के दौरान सभी बदमाशों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि किसी ने भी गुंडागर्दी, अवैध वसूली, आम नागरिकों को डराने-धमकाने या शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ बिना किसी ढील के सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### होगी कार्रवाई

एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने निर्देश दिए हैं कि जिन गुंडा व निगरानी बदमाशों के पुनः अपराधों में संलिप्त होने की सूचना मिल रही है, उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट, जिला बदर और आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत त्वरित प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय भेजे जाएं। इसके अतिरिक्त जमानत पर छूटे अपराधियों द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर उनकी जमानत निरस्त कराने की कानूनी प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी।

# रोज आने में असमर्थ बालिकाएं सीख रही हैं ऑनलाइन गरबा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुक्रवार शाम तक तीन हजार से अधिक महिलाओं बालिकाओं ने गरबा सीखने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिए है। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच बालिकाओं माता बहनों को निशुल्क गरबा प्रशिक्षण दे रहा है। आवासीय खेलकूद मैदान स्थित मल्टीपरपज हॉल में दोपहर 2 से रात 10 बजे तक क्रिसेंट गरबा महोत्सव के लिए निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गरबा सीखने रोज आने में असमर्थ अनेक बालिकाओं महिलाओं के द्वारा ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से भी गरबा प्रशिक्षण लिया जा रहा है। बालिकाओं की सुविधा के लिए अरुण सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर भी ग्रुप बनाए हैं। बालिकाओं को न्यूज पेपर फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम सहित अन्य माध्यमों से निरंतर प्रशिक्षण में होने वाले विभिन्न ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों की सूचना उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतिदिन और रात में आवासीय खेलकूद विद्यालय स्थित मल्टीपरपज हॉल और मैदान पर पहुंचकर विधायक सुदेश राय और समाजसेविका श्रीमती अरुणा राय गरबा प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं का उत्साह वर्धन कर रहे हैं। मल्टी परपज हॉल और मैदान पर पारिवारिक माहौल बना हुआ है। समाज सेविका और निशुल्क गरबा प्रशिक्षण आयोजन करता श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने बताया कि रविवार को आवासीय खेलकूद मैदान पर अलग-अलग बैच में बुलाई जा रही बालिकाएं एक साथ आएंगी और आदिशक्ति भवानी की सामूहिक गरवा कर आराधना करेंगी। गरबा प्रशिक्षण को लेकर महिलाओं बालिकाओं में उत्साह बना हुआ है बच्चियों अपने परिजनों से गर्व प्रशिक्षण में आने के लिए जिद कर रही है हालात ऐसे हैं कि बढ़ती संख्या को देखते हुए रजिस्ट्रेशन फिलहाल रोक दिए गए हैं इसके बावजूद अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के कार्यकर्ताओं पर बालिकाओं का रजिस्ट्रेशन करने का भारी दबाव क्या हुआ है।

# सर्वधर्म सभा में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद और प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शहर के तहसील चौराहे पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध सहित विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने प्रार्थना पाठ किया। विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं के माध्यम से आपसी भाईचारे, शांति, सद्भाव और कौमी एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, शांति और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस ने किया महापुरुषों को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को स्थानीय गांधी पार्क में जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात कांग्रेसजनों एवं उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से महात्मा गांधी के प्रिय भजनों के साथ रामधुन का गायन किया। रामधुन की मधुर स्वर-लहरियों से गांधी पार्क परिसर भक्तिमय एवं देशभक्ति के वातावरण से सराबोर हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी सादगी, ईमानदारी और जय जवान, जय किसान के उद्घोष के माध्यम से देश के जवानों और किसानों में आत्मविश्वास एवं सम्मान की भावना को मजबूत किया। इस अवसर पर सीहोर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि शास्त्री जी की सादगी एवं ईमानदारी और महात्मा गांधी का लोककल्याणकारी दृष्टिकोण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इन महान विभूतियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राममूर्ति शर्मा, विष्णु प्रसाद राठौर,ओम वर्मा, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, रमेश गुप्ता, डॉ.अनीस खान, रामायण प्रसाद शुक्ला, हफीज चौधरी, नरेन्द्र खंगराले, मजीद अंसारी, मुनव्वर मामू, इरफान लाला, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, आसिफ अंसारी, अजय रायकवार, विनीत गोयल, आरती खंगराले, हरिओम सिसोदिया, लक्की सक्सेना, जितेन्द्र परमार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता, शांति एवं सद्भाव के लिए निरंतर कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

## दि ऑक्सफोर्ड हा.से स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया

# स्वच्छ और सुंदर विद्यालय परिसर का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर में स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत" थीम के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न सेवा एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ एवं सुंदर विद्यालय परिसर का संदेश दिया।

जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के विद्यार्थियों ने निर्माण स्थलों पर कार्य करने वाले श्रमिकों के बीच जाकर उन्हें फल एवं जलपान सामग्री वितरित की तथा सेवा, सहयोग एवं मानवता का संदेश दिया। स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली का संदेश दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने की प्रक्रिया सिखाई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया। साथ ही स्वच्छता जागरूकता वार्ता के माध्यम से बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं सेवा भावना की सराहना की और उन्हें स्वच्छता एवं सेवा को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# स्वच्छता पखवाड़े का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी, निबंध, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों मे भाग लिया गया। छात्राओं ने विद्यालय परिसर एवं गौशाला के अतिरिक्त नगर स्थित प्राचीन गणेश मन्दिर, हनुमान फाटक एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक अभियान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे हमें अपने दैनिक जीवन की आदत बनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए अपने घर, विद्यालय एवं समाज को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं सभी छात्राएँ उपस्थित रहीं समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।सभी छात्राओं एवं शिक्षकों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। इस संपूर्ण स्वच्छता पखवाड़ा के प्रभारी विद्यालय के शिक्षक मोहन पाल एवं शिक्षिका ओमेश्वरी पटले रहीं।

## खबर संक्षेप

### रैली से नशा मुक्त समाज का दिया संदेश

**सीहोर।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर नशा मुक्ति सप्ताह के तहत सीहोर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर गिरिराज सिंह परिहार, सामाजिक न्याय विभाग के सहायक संचालक महेश यादव एवं प्राचार्य आलोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए देश और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। नशा मुक्ति के लिए जागरूकता और सामूहिक सहभागिता को आवश्यक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्राओं ने आमजन को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया तथा नशा मुक्त समाज और नशा मुक्त देश बनाने का संदेश दिया। रैली में छात्राओं ने जागरूकता संदेशों के माध्यम से नागरिकों से नशे के विरुद्ध अभियान में सहभागी बनने की अपील की। नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं सहित आमजन में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जन भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

### संस्थाओं की पहल से इछावर जनपद क्षेत्र के कई गांव होंगे अंधेरे से मुक्त

# सोलर लाइट से रोशन होंगी गांव की सड़कें और गलियां, 19 गांवों में लगेंगी 200 पैनल





पैनल गांव के मुख्य मार्ग सहित प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएगी। ताकि सड़कों और गलियों को रोशन किया जा सके।

सुशील मालवीय ⏭ इछावर

बिजली की निर्भरता कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एलआईसी , एचएफएल परिवेश और पहल संस्थान की साझा पहल पर इछावर जनपद क्षेत्र के ढेर दर्जन से अधिक गांवों में सोलर पैनल लगाईं जा रही है। यह पैनल गांव के मुख्य मार्ग सहित प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएगी। ताकि सड़कों को रोशन किया जा सके। संस्थान द्वारा अभी 19 गांवों का चयन किया है, जिसमें करीब 200 सोलर लाइट लगाई जाएगी। इसके अलावा जल संरक्षण को लेकर खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। परिवेश सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत इछावर ब्लॉक के 19 चयनित गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने और खेत तालाब निर्माण के कार्य किए जा रहे हैं। इस जन कल्याणकारी परियोजना का क्रियान्वयन 'पहल जन सहयोग विकास संस्थान' द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था करना तथा वर्षा जल के संरक्षण के माध्यम से किसानों को सिंचाई के साधन उपलब्ध कराना है। परियोजना के तहत ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठकें कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया गया है। समुदाय की प्राथमिकताओं के आधार पर ही सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के स्थानों और खेत तालाब निर्माण के लिए स्थलों का चयन किया गया है। सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित होने से ग्रामीण मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर रात के समय बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में सुरक्षा मिलेगी। साथ ही सौर ऊर्जा के उपयोग से पारंपरिक बिजली पर निर्भरता भी कम होगी। वहीं खेत तालाबों के निर्माण से वर्षा जल का संचयन होगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार आएगा । किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। पहल जन सहयोग विकास संस्थान के प्रतिनिधि सुनील गावंडे ने बताया कि ग्रामीण विकास केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदाय की वास्तविक जरूरतों के अनुसार टिकाऊ समाधान विकसित करना आवश्यक है। सोलर स्ट्रीट लाइट और खेत तालाब जैसी पहल से ऊर्जा, जल संरक्षण और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत और समुदाय के सदस्यों को इन परिसंपत्तियों के रखरखाव और दीर्घकालिक उपयोग के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ लंबे समय तक मिल सके।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 21 साल के युवक की मौके पर मौत

### अपने घर लौट रहा था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।घर लौटते समय हुआ हादसाजानकारी के अनुसार, ग्राम रूपडी निवासी रामनारायण (21) बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि रामनारायण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शवराहगीरों की सूचना पर इछावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया और मर्ग कायम कर जांच में लिया। पुलिस अब आसपास के लोगों से पूछताछ और रास्ते के सीसीटीवी फुटेज के जरिए टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की पहचान करने में जुटी है।

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और मानव श्रृंखला के माध्यम से दिया नशामुक्ती का संदेश

**सीहोर।** महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर की छात्राओं द्वारा आज विभिन्न नशामुक्ति जागरूकता गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज का संदेश दिया। छात्राओं ने प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर गिरिराज सिंह परिहार एवं सहायक संचालक महेश यादव द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों को नशे से मुक्त होने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अधिकारियों ने छात्राओं को शासन द्वारा संचालित नशामुक्ति एवं जनजागरूकता अभियानों में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने परिवार, आसपास के क्षेत्र एवं समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद शर्मा, प्राचार्य ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# बीएसआई मैदान पर अंडर-15 क्रिकेट के लिए 100 से अधिक खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतरजिला स्तरीय अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई। बीएसआई मैदान पर सुबह से ही जिलेभर के क्रिकेट खिलाड़ियों की भीड़ रही और 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। शनिवार को खिलाड़ियों की ट्रायल प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसके बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए 3 से 5 अक्टूबर तक प्रशिक्षण शिविर एवं अभ्यास मैच आयोजित होंगे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय तथा सचिव अतुल तिवारी के मार्गदर्शन में पूरी चयन प्रक्रिया संचालित की जा रही है। शुक्रवार को विधायक सुदेश राय ने बीएसआई मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। चयन प्रक्रिया एवं आगामी खेल गतिविधियों को लेकर चर्चा की। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अंडर-15 चयन प्रक्रिया में जिले के भैरुंदा, बुधनी, आष्टा, इछावर, श्यामपुर, सीहोर, दोराहा, अहमदपुर, जावर, मेहतवाड़ा, बिलकिसगंज सहित सभी क्षेत्रों के 15 वर्ष तक की आयु वाले खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। शनिवार को होने वाले ट्रायल में खिलाड़ी अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

चयन प्रक्रिया में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एवं सीनियर खिलाड़ी वीरू वर्मा, जिला खेल अधिकारी अताउल्ला खान, आशीष शर्मा, चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी सहित अन्य अनुभवी सदस्य मौजूद रहेंगे। ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए 3 से 5 अक्टूबर तक प्रशिक्षण शिविर एवं अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे। सीनियर कोच खिलाड़ियों को बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के साथ क्रिकेट की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे। अभ्यास मैचों के माध्यम से खिलाड़ियों की वास्तविक खेल क्षमता, प्रदर्शन, अनुशासन और टीम भावना को भी परखा जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को आगामी अंतरजिला स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। पंजीयन प्रक्रिया के दौरान अक्षय दुबाने, कमलेश पारोचे, चेतन मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, अभिषेक परसाई, मोहनिश त्रिवेदी, मदन कुशवाहा, अतुल कुशवाहा, गौरव पिचोनिया, आदर्श राय सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सीनियर खिलाड़ी मौजूद रहे।

मैदान पर खिलाड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं और चयन प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अंडर-15 ट्रायल, प्रशिक्षण एवं अभ्यास मैचों के बाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 6 अक्टूबर से अंडर-22 चयन प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरू वर्मा सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सीनियर खिलाड़ियों ने तैयारियों की रूपरेखा बनाई है। बीएसआई मैदान के समतलीकरण सहित आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सृजन शिक्षा एवं कल्याण समिति, हसनपुर तिनोनिया के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति शेखपुरा द्वारा ग्राम शेखपुरा एवं कचनारिया में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए स्वच्छता श्रमदान किया तथा ग्राम को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। ग्रामीणों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। इसीक्रम में जन अभियान परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा विकासखंड सीहोर में 32 स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, प्रदीप सिंह सेंगर, विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, ममता गोस्वामी, सरपंच ग्राम पंचायत शेखपुरा, बद्री प्रसाद जागीरदार सरपंच कचनारिया एवं रवि गोस्वामी, सचिव ग्राम पंचायत शेखपुरा, शनितिन गौर सहित ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य से मुख्य अतिथि पारूल उपाध्याय द्वारा ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस कार्यक्रम में मेन्टर्स रवि कुमार सोनी, नवांकुर संस्था

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से पापों का नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति होती: पं. अरविंद व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को पवित्र करने वाला है। जन्म-जन्मांतर के पुण्य उदय होने पर ही मनुष्य को श्रीमद्भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। भागवत कथा के श्रवण से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस संसार में भागवत कथा के श्रवण से बढ़कर ज्ञान एवं मोक्ष प्राप्ति का कोई सरल साधन नहीं है।

यह विचार शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन में जारी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस भागवत भूषण पंडित अरविंद व्यास ने व्यक्त किए। शुक्रवार को कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण विवाह, महारास, कंस वध एवं उद्धव प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का मंगल विवाह उत्साह और श्रद्धा के साथ कराया गया। कथा स्थल पर आकर्षक वेशभूषा में भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी की मनोहारी झांकी सजाई गई तथा विवाह संस्कार की विभिन्न रस्में विधि-विधान से संपन्न कराई गईं। झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। पंडित श्री व्यास ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि हमारे जीवन में गुरु का स्थान अनुपम है। गुरु के बिना हम जीवन के वास्तविक सार को नहीं समझ सकते। गुरु के समक्ष हमेशा विनम्र और अनुशासित रहना चाहिए। अनावश्यक चंचलता नहीं करनी चाहिए और जितनी आवश्यकता हो उतना ही बोलना चाहिए। ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि सत्संग करने से बीमारी नहीं आएगी, परिवार हमेशा खुशहाल रहेगा या व्यापार में सदैव लाभ होगा। यह सब प्रारब्ध और जीवन की परिस्थितियों का हिस्सा है। जो इस संसार में आया है, उसे एक दिन जाना भी है और जहां लाभ है, वहां हानि भी निश्चित है। यजमान केएन आचार्य, ईश्वर जोशी एवं देवेंद्र जोशी के परिवार ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक बस स्टैंड के समीप स्थित गीता मानस भवन में किया जा रहा है।

कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं। कथा श्रवण के लिए ग्राम खंडवा से राजाराम मंदिर के महंत बालक दास महाराज, विधायक सुदेश राय, भाजपा नेता सन्नी महाजन सहित बड़ी संख्या में संतों और जनप्रतिनिधियों ने लाभ लिया।

## आंगबाड़ी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस में दिखाया जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




वार्ड 21 के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 44 पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मिथिलेश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा, विनीत मिश्रा, नितिन चौहान एवं आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नीलम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने रंगारंग फैंसी ड्रेस कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी को ट्रॉफी, बिस्किट और फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी के साथ-साथ शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता सक्सेना, सीमा मालवी, सहायिका ललिता कौशल, सुनीता मालवीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती

# देश की आजादी व राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय जनपद परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर काँग्रेसजनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए देश की आजादी एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए कहा कि गांधीऔर शास्त्री जी जितने उस समय प्रासंगिक थे, उतने ही आज भी हैं।

जब समाज में नफरत और विभाजन की राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा हो, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हों और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियाँ सामने हों, तब देश को गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है।उन्होंने कहा कि जब राजनीति में नैतिक मूल्यों और जवाबदेही की आवश्यकता महसूस होती है, तब लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें प्रेरणा देता है। रेल मंत्री रहते हुए रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उनके इस्तीफे का उदाहरण आज भी सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही और नैतिकता का महत्वपूर्ण संदेश देता है।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन हम सभी को सत्य, सादगी, सेवा, सद्भाव और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, मीना सिंगी, कमलसिंह चौहान, सोबालसिंह मुगली, मेहरवानसिंह मूँदीखेड़ी, सोबालसिंह बागेर, सोहेल मिर्जा, सुनील सेठी, विनीत सिंगी, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, इदरीस मंसूरी, भैया एमपी, चन्दरसिंह ठाकुर, सलीम अंसारी, चेतन सेमली, राजकुमार मालवीय, प्यारे पटेल, नईमउद्दीन, तौसिफ़उद्दीन, फैजुद्दीन, प्रदीप भाटी, कृपाल मालवीय, देवराज परमार, अरविंद मेवाडा, गोरे मियाँ, आत्माराम परमार, विनोद ठाकुर, इमरान डीलक्स, नवाब मियाँ, रामचरण दवारिया, लोकेन्द्र भाटी, नफीस शाह, टोनी जैन, बंशी बांबे, अर्जुन अजय, अखिलेश राजपूत, हरि मेवाडा, अमजद ख़ान, रूपसिंह गोरिया, अशोक मंडलोई, अरशद अंसारी, राजेश सोलंकी, पवन पहलवान, महेश पटेल, भरत वर्मा, विजय सोलंकी, देवराज मालवीय, रसीद खाँ, विजय सोलंकी, सतीस राजपूत, शंकर बोड़ाना आदि लोग मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में स्वच्छता एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिलेभर में स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वच्छता गतिविधियां, स्वच्छता शपथ, श्रमदान, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, नशा मुक्ति, सद्भावना शिविर एवं सहभोज सहित अनेक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वच्छता, सामाजिक सद्भाव और नशा मुक्ति के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना रहा। विभिन्न कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। स्वच्छता कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों ने श्रमदान कर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के माध्यम से आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। नशा मुक्ति एवं सद्भावना से जुड़े कार्यक्रमों में नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सहभोज के माध्यम से सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। जिले में आयोजित इन कार्यक्रमों में जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता, सद्भावना, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

### निर्माण जारी होने से सुरक्षा पर उठे सवाल

# अधूरा सीएम राइज भवन का न लोकार्पण न हैंडओवर फिर भी भवन में चल रही पढ़ाई

**निर्माण की अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित बताई गई थी, लेकिन तय अवधि निकलने के बाद भी भवन का काम पूरा नहीं हो सका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



ब्लॉक के ग्राम मऊ में करीब 38 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा सीएम राइज स्कूल भवन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है। निर्माण शुरू हुए करीब चार साल हो चुके हैं, लेकिन सितंबर 2026 समाप्त होने के बाद भी भवन में निर्माण कार्य जारी है। इसके बावजूद विद्यार्थियों की कक्षाएं और स्कूल कार्यालय नए भवन में संचालित किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि भवन का न तो औपचारिक लोकार्पण हुआ है और न ही विभाग को विधिवत हैंडओवर किया गया है।

वर्तमान में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मऊ के लिए बनाए जा रहे सीएम राइज भवन का वर्चुअल भूमिपूजन 29 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। टेंडर प्रक्रिया के बाद पीआईयू की देखरेख में केजी गुप्ता कंस्ट्रक्शन, इंदौर द्वारा वर्ष 2023 में निर्माण शुरू किया गया। निर्माण की अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित बताई गई थी, लेकिन तय अवधि निकलने के बाद भी भवन का काम पूरा नहीं हो सका।

#### निर्माण जारी, दूसरी ओर विद्यार्थियों की कक्षाएं

भवन के कुछ हिस्सों में अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि दूसरी ओर विद्यार्थियों को इसी परिसर में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। बताया गया कि पुराने भवन में विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कक्षाएं नए भवन में शुरू की गई हैं। ऐसे में निर्माण सामग्री, मजदूरों की आवाजाही और विद्यार्थियों की आवाजाही एक ही परिसर में होने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### समय सीमा बीती जवाबदेही किसकी?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब भवन की निर्धारित निर्माण अवधि पूरी हो चुकी है और भवन अभी तक विभाग को विधिवत हैंडओवर नहीं हुआ, तो उसमें विद्यार्थियों को बैठाने की अनुमति किस स्तर पर दी गई। क्या कक्षाएं शुरू करने से पहले भवन की सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं? निर्माण कार्य के दौरान किसी विद्यार्थी के साथ दुर्घटना होने की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी? निर्माण में देरी के बावजूद संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई, यह भी स्पष्ट नहीं है। वहीं निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और अब तक किए गए भुगतान को लेकर भी स्थिति सामने आना बाकी है।

#### निरीक्षण में गुणवत्ता को लेकर भी उठे थे सवाल

निर्माण के दौरान भवन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ चुके हैं। पूर्व में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने भवन का निरीक्षण किया था। इस दौरान पीआईयू अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद भवन का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका है। अब मामला केवल भवन के निर्माण में देरी तक सीमित नहीं है। करीब 38 करोड़ रुपए की लागत वाले इस भवन में निर्माण की समय सीमा, गुणवत्ता, भुगतान, सुरक्षा व्यवस्था और बिना लोकार्पण एवं हैंडओवर के विद्यार्थियों को कक्षाओं में बैठाए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं। शासन-प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी को स्पष्ट करना होगा कि निर्माण में देरी का कारण क्या है और अधूरे भवन में कक्षाएं शुरू करने की अनुमति किस आधार पर दी गई।

**इनका कहना है...**

पुराने भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं नए भवन में लगाने की व्यवस्था की गई है। भवन का औपचारिक हैंडओवर और लोकार्पण अभी नहीं हुआ है।

**सुरेश वीरमाल, बीईओ सारंगपुर**

# वन अमले के पीछा कर पकड़ने की कोशिश में तस्कर 2 बाइक, 15 सिल्ली छोड़कर भागे

### नगर में आखिर इतनी सागौन आ कहां से रही ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

नगर में अवैध लकड़ी कारखानों और रात्रि में हो रही सागौन तस्करी पर हरिभूमि की लगातार खबरों के बाद आखिर वन विभाग जागा। कल देर रात टीम ने काला जी के बाग में तस्करों का पीछा कर पकड़ने की कोशिश की, जहां से 2 मोटरसाइकिल और 15 सागौन की सिल्लियां जब्त की गईं। आरोपी बाइक से झुंड में थे और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। लेकिन इस कार्रवाई के बाद कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। इतनी मात्रा में सागौन कहां जा रही है? क्या नगर में आधी रात को अवैध कारखाने चल रहे हैं जहां लकड़ियों की सप्लाई हो रही है? अगर है तो पुलिस-वन विभाग संयुक्त कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहा?

#### आखिर वन विभाग टीम कब कारखानों पर छापामार कार्रवाई करेगी?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह अवैध कारखाने वाले लोग अवैध सागौन की लकड़ियों को रात्रि में मंगवाते हैं और उनको रात्रि में मशीनों से काटकर दो नम्बर से एक नम्बर में बदल देते हैं। इस तरीके से शासन की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। रात में चोरी की लकड़ी को काट-छांट कर वैध बताकर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई महीनों से रात 11 बजे के बाद बाहरी क्षेत्र में लकड़ी से लदे वाहन बेरोकटोक गुजरते देखे गए हैं।



#### चोरी की बाइक से हो रही तस्करी नगर में बढ़ रही चोरी की वारदातें

सूत्रों के अनुसार यह तस्करी करने के लिए चोरी की बाइकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन नगर से बाइक चोरी हो रही है। पिछले कई माह से अधिक बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। आशंका है कि यही चोरी की बाइकें अब सागौन तस्करी में उपयोग की जा रही हैं।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन को इन बाइक सवार तस्करों को जल्द पकड़ना चाहिए, जिससे नगर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके और तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हो सके।

## खोया मोबाइल लौटाकर योगेश माहेश्वरी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**सारंगपुर।** सेवा प्रकल्प के तहत सेवा, संस्कार और मानवता के संदेश को आत्मसात करते हुए योगेश माहेश्वरी ने ईमानदारी और मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्राम नया अकोदिया निवासी दयाराम पिता रामलाल माली का मोबाइल अकोदिया नाका, सारंगपुर के समीप कहीं गिर गया था। मोबाइल योगेश माहेश्वरी को मिला। उन्होंने मोबाइल को अपने पास सुरक्षित रखने के बाद उसके वास्तविक मालिक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए थाना सारंगपुर पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में मोबाइल और उसके बिल का मिलान कराया। सत्यापन के बाद मोबाइल फोन उसके वास्तविक स्वामी दयाराम माली को वापस सौंप दिया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी राहुल, पं. अंतरिक्ष पारीक एवं कुलदीप टेटवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। योगेश के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा गया कि किसी की खोई हुई वस्तु को सुरक्षित उसके मालिक तक पहुंचाना ईमानदारी, संस्कार और मानवीय संवेदना का परिचायक है। ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

## सेवा संकल्प यात्रा के दौरान शिक्षा पोर्टल लॉन्च किया

**मंदसौर।** जिले में जल, जन एवं सेवा संकल्प यात्रा 2 अक्टूबर को भी जारी रही। यात्रा मार्ग पर ग्रामीण नागरिकों ने यात्रा का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया। यात्रा के दौरान ग्राम जगगा खेड़ी में शिक्षा पोर्टल भी लॉन्च किया गया स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया। शिक्षा पोर्टल जरूरतमंद बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है जो पुस्तक के खरीदने में आर्थिक रूप से परेशानी महसूस करते हैं। पोर्टल के माध्यम से उन बच्चों को अपनी अपनी क्लास के लिए पुस्तकें मिल सकेंगी। इसके लिए वे विद्यार्थी जो कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अगली कक्षा में जाते हैं वे अपनी पुरानी पुस्तके पोर्टल पर दान करेंगे जो जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपलब्ध करवा दी जाएगी इसके अंतर्गत जरूरतमंद विद्यार्थी अपनी आवश्यकता पोर्टल पर दर्ज करवाएंगे तथा पुस्तके देने वाले विद्यार्थी पोर्टल पर पुस्तक दान की जानकारी देंगे।

## जल, जन सेवा संकल्प यात्राओं का द्वितीय दिवस भी भव्य स्वागत किया

**मंदसौर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्राओं का दूसरे दिन 2 अक्टूबर को भी भव्य स्वागत किया गया। यात्राओं के दौरान स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा की गई। यात्रा क्रमांक 1 द्वितीय दिवस 2 अक्टूबर को नाहरगढ़ गुर्जर बर्डिया पनलिया मारू, निरधारी, कोलवा, डोडियामीणा, मुंदड़ी, मंदसौर मे पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन, अभिषेक, शिवना नदी श्रमदान, मंदसौर बायपास, रेवास देवड़ा, नौगांव आदि स्थानो पर पहुंची जहां श्रमदान पौधारोपण एलईडी प्रसारण आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी प्रकार यात्रा क्रमांक आठ 2 अक्टूबर को दलोदा, भावगढ़ फंटा, पटेला, मजेसरा, ताजखेड़ी, गरोडा आदि स्थानों पर पहुंची। जहां यात्रा का स्वागत किया गया। पौधारोपण, श्रमदान, युवा संवाद आदि कार्यक्रम आयोजित हुए।

## सेवा संकल्प यात्रियों ने शिवना नदी घाट पर श्रमदान किया

**मंदसौर।** वाराणसी वड़नगर जल जन सेवा संकल्प यात्रा में सम्मिलित यात्रियों द्वारा 2 अक्टूबर को मंदसौर में शिवना नदी घाट पर सामूहिक श्रमदान किया गया। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जिला यात्रा प्रभारी हितेश शुक्ला, शिवराज सिंह राणा आदि उपस्थित थे इस दौरान स्वच्छता कर्मियों का सम्मान भी किया गया। मंदसौर शहर पहुंचने पर सेवा संकल्प यात्रा का नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। नगर के विभिन्न चौराहों से सेवा संकल्प यात्रा भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंची जहां यात्रियों ने पूजा अभिषेक किया।

## पांच स्थानों पर मेगा सेवा सेतु शिविरों का आयोजन आज

**मंदसौर।** सेवा संकल्प अभियान के महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय घटक के रूप में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अंतर्गत जिले के पांच स्थानो पर मेगा सेवा सेतु शिविरों का आयोजन 3 अक्टूबर को किया जाएगा। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशन में शिविरों के आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शिविरों में मौके पर ही जन समस्याओं, शिकायतों का निराकरण किया जाएगा, योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा, 3 अक्टूबर को मंदसौर विकासखंड के धमनार, सीतामऊ विकासखंड के तीतरोद, मल्हारगढ़ विकासखंड के जनपद प्रांगण मल्हारगढ़, गरोठ विकासखंड के बोलिया तथा भानपुरा विकासखंड के दुधाखेड़ी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। धमनार शिविर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर भी सम्मिलित रहेगा। आयोजन समय प्रातः 11:00 से शाम 4:00 बजे तक रहेगा शिविरों में शासन की फ्लैगशिप हितग्राही मूलक योजनाओं तथा राजस्व विभाग की नागरिक सेवाओं के लाभ मौके पर ही प्रदान किए जाएंगे।

## गांधी जयंती पर नगर परिषद ने किया श्रमदान पौधारोपण व स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

**किशनगढ़ ताल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नगर परिषद ताल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सेवा से संकल्प एवं जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। स्वच्छता कर्मियों ने समय पर वेतन मिलने पर नगर परिषद अध्यक्ष, परिषद एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात शासकीय माध्यमिक विद्यालय के मध्यान्ह भोजन परिसर में स्वच्छता श्रमदान किया गया। परिसर में व्याप्त गंदगी, खरपतवार एवं नालियों की सफाई कर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद आलोट रोड स्थित अमृत गार्डन में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश परमार ने कहा कि परिषद ने पिछले तीन वर्षों में नगर की मूलभूत समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि नगर में नई दुकानों, उद्यान, पेयजल टंकी, सीसी रोड एवं बाउंड्रीवॉल सहित विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। आलोट रोड से विश्वनाथ मंदिर तक डबल लेन सीसी रोड का निर्माण भी कराया गया है तथा अन्य कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषणा के अनुसार मुखर्जी चौक पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी स्थापित किया गया है। परिषद द्वारा सभी वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्य कराए गए हैं तथा परिषद के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राठौड़ ने कहा कि नगर परिषद एवं पूरी परिषद एकजुट होकर विकास कार्यों के लिए कार्य कर रही है। क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक सहित जनप्रतिनिधियों का भी समय-समय पर सहयोग प्राप्त होता है। कार्यक्रम में सभापति गुड्डू खान, गोवर्धन पोरवाल, मनीष भोला परमार, अनिल परमार, पार्षद पवन मोदी, समाजसेवी दिनेश सिंह मेलूखेड़ी, अनिरुद्ध सिंह डोडिया, व्यापारी शिव पोरवाल, राकेश जैन, काना खत्री, आशीष पोरवाल सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के साथ गांधी व शास्त्री जयंती मनाई

### जल, जन सेवा संकल्प यात्रा का नाहरगढ़ में रात्रि विश्राम, हुए कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्राएं जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंची यात्रा के दौरान पौधारोपण, भजन, लोकगीत, एलईडी प्रसारण, मातृ शक्ति संवाद, युवा कृषक संवाद तथा सेवा मंच आदि कार्यक्रम आयोजित हुए । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वड़नगर वाराणसी जल जन एवं सेवा संकल्प यात्राओं का मंदसौर जिले में 1 अक्टूबर को जिले मे प्रवेश पर भव्य स्वागत जनप्रतिनिधिगण व जननेताओं ने किया ।

इस दौरान यात्रा का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा कर हुआ । यात्रा क्रमांक एक ने जिले के सुवासरा के क्षेत्र भ्रमण के बाद रात्री विश्राम नाहरगढ़ मे हुआ। दो अक्टूबर को सुबह पौधारोपण कर शुरुआत हुई जिसका बस स्टैंड पर ग्राम पंचायत नाहरगढ व जननेताओ के साथ कार्यकर्त्ताओ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत व सम्मान किया । श्रमदान करते हुए सभी ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई के साथ नशा मुक्ति संकल्प लिया । बस स्टैंड नाहरगढ पर गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई जिसमे प्रेम प्रकाश अगरेरी अयोध्या यात्रा प्रभारी , सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मती प्रियंका डॉक्टर मुकेश गिरी गोस्वामी , जनपद पंचायत सीतामऊ उपाध्यक्ष जितेंद्रसिंह कोटडामाता ,मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोड , नाहरगढ यात्रा व्यवस्था प्रभारी महेश माली ,मण्डल महामंत्री अरुण भटनागर, ग्राम पंचायत नाहरगढ सरपंच श्रीमति राधा पदम सिंह चौहान,उपसरपंच पदम सिंह चौहान ,जिला पदाधिकारीगण , मण्डल पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय कार्यकर्त्ता तथा नगर के सभी वरिष्ठ,युवा पदाधिकारीगण व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। जिला प्रशासन के सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जिसमे राजस्व,पुलिस,जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत नाहरगढ, चौकीदार उपस्थित थे। नाहरगढ नगर भ्रमण के बाद गुर्जर बर्डिया मंडल के पाडलिया मारू पंहुची।

# सेवा संकल्प अभियान में सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर



**जीरापुर।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने ब्लड डोनेशन शिविर का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान पर विधायक दांगी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गंगा बह रही है, सेवा लक्ष्य है जिसमें सब मिलकर कार्य कर रहे हैं।देश दिनों दिन विकास के पटल पर अग्रसर है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित ब्लड डोनेशन शिविर में मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, बालचन्द्र दांगी सेंधरा, भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री शिव मण्डलोई, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री राजेन्द्र परिहार, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पुष्पद टेक्सी, विष्णु सिंह पवांर, हेमन्त जोशी, लखन सिंह तोमर, कमल झावा, प्रभुलाल गुर्जर, वंदना दांती सहित ब्लाक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया, सीएमओ देवनारायण दांगी, कमल भावसार एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, हॉस्पिटल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा



नगर परिषद भानपुरा के द्वारा विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार 2 अक्टूबर को नया बस स्टैंड विजय स्तंभ के समीप यात्री प्रतीक्षालय में मनाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, पार्षद गण सुभाष बागड़ी, शीतल भूटानी, मकसूद अंसारी, रोडूलाल चारण, जाहिर मंसूरी, बबलू गुर्जर एवं हरीश नामदेव, हरिकृष्ण मरमट, दिनेश छालीवाल, नगर परिषद दरोगा रजाक अगवान, अभिषेक जैन, अजय राठौर, तरुण शर्मा सहित नगर परिषद कर्मचारी गण, सफाई मित्रों, नगर के गणमान्य जनों आदि द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प हार एवं पुष्प अर्पित किए। एवं नया बस स्टैंड क्षेत्र में नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद के कर्मचारीयों, सफाई मित्रों एवं नगर के गणमान्य जनों ने स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे बस स्टैंड क्षेत्र की सफाई की गई। इसके बाद नगर परिषद कार्यालय परिसर में नगर परिषद के सफाई मित्रों का पुष्पहारों से सम्मान किया एवं पार्षद सुभाष बागड़ी ने उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

**खिलचीपुर।** नगर परिषद खिलचीपुर में जनसेवक के पद पर लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए खेमचंद कलोसिया का सम्मान समारोह खंडी बावड़ी, खिलचीपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत संगठन की ओर से उन्हें शील्ड एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि खेमचंद कलोसिया ने अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन लंबे समय तक किया। उनके सेवाकाल के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने गृहस्थ जीवन और शासकीय जिम्मेदारियों के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी योगदान दिया, जिससे समाज को गौरव मिला।

समारोह में मध्य प्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के प्रदेश संस्थापक रोहित छात्रे, प्रदेश अध्यक्ष सेतू नरवरे एवं संगठन महामंत्री राजेश मकवाना ने कलोसिया को शील्ड और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेवी बाबूलाल कलोसिया, मुकेश कलोसिया, राजाराम ऊंटवाल, विनोद ऊंटवाल, दीपक कलोसिया, संजय झावा, बबलू इंदौरे, हीरालाल मकवाना, एल्डरमैन लखन कलोसिया, मोहन कलोसिया सहित संगठन के पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने खेमचंद कलोसिया के सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।




### सेवा पखवाड़ा के तहत सात सहेलिया बावड़ी पर चला स्वच्छता अभियान

# सांसद सुधीर गुप्ता ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मंदसौर नगर दक्षिण मंडल द्वारा किला रोड स्थित ऐतिहासिक सात सहेलिया बावड़ी पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में सांसद सुधीर गुप्ता ने सहभागिता करते हुए परिसर में स्वच्छता का संदेश दिया तथा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया। मंदसौर की सात सहेलिया बावड़ी शहर की ऐतिहासिक जल संरचनाओं और पुरानी जल प्रबंधन परंपरा की महत्वपूर्ण स्मृति है। प्राचीन समय में बावड़ियां केवल पानी संग्रह करने के साधन नहीं थीं, बल्कि नगर के सामाजिक जीवन और सार्वजनिक उपयोग का भी महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करती थीं। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक जल संरचनाओं को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इनके मूल स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करते हुए इन्हें आने वाली पीढ़ियों से जोड़ने की आवश्यकता है। मंदसौर का प्राचीन नाम दशपुर रहा है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही राजनीतिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। क्षेत्र में विभिन्न कालखंडों से जुड़े पुरातात्विक अवशेष और अभिलेख इसकी समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा को दर्शाते हैं। मंदसौर क्षेत्र का इतिहास औलिकर वंश और राजा यशोधर्मन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संदर्भों से भी जुड़ा हुआ है। सोंधनी में स्थित विजय स्तंभ राजा यशोधर्मन की उपलब्धियों और प्राचीन दशपुर के गौरवशाली इतिहास का महत्वपूर्ण प्रमाण माने जाते हैं। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि मंदसौर की इन धरोहरों को केवल अतीत की निशानी के रूप में देखने के बजाय इनके संरक्षण और पर्यटन की दृष्टि से विकास की संभावनाओं पर भी काम किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने सात सहेलिया बावड़ी के समीप स्थित परिसर में विभिन्न समाजों के कुलभेरू/कुलदेवी-देवताओं से जुड़ी आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए 52 समाजों के प्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं से विशेष आह्वान किया कि वे इस परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रयास तभी प्रभावी होंगे, जब समाज की सक्रिय भागीदारी मिले। समाज यदि सामूहिक रूप से इस परिसर की स्वच्छता और संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, तो सात सहेलिया बावड़ी एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकता है।

#### ऐतिहासिक एवं पर्यटन विकास की दिशा में 5 लाख की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने किला क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मंदसौर की पहचान उसकी समृद्ध ऐतिहासिक, पुरातात्विक और सांस्कृतिक विरासत से भी है। इसी दृष्टि से पात्र सार्वजनिक, विरासत संरक्षण एवं पर्यटन संबंधी कार्यों के लिए सांसद निधि से 5 लाख उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इन कार्यों को संबंधित नियमों एवं सक्षम विभाग की प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

#### स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को स्वस्थ और सशक्त समाज की आधारशिला माना था। प्रधानमंत्री जी ने इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देशभर में स्वच्छता और जनजागरूकता को नई दिशा दी है। सांसद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। योजनाओं ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में बंदियों को किया जागरूक

**सीहोर।** गांधी जयंती के अवसर पर जिला जेल में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अल्कोहॉलिक्स एनोनिमस एवं बेटर फॉर रिप्यूजी वेलफेयर सोसायटी सीहोर के सहयोग से जेल में निरुद्ध 313 बंदियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बंदियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। बंदियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान की जानकारी दी गई तथा नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर की जिला विधिक सेवा प्राधिकारी स्वप्नश्री सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सलोनी श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नंदनी पटेल, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, उप अधीक्षक दिलीप नायक सहित जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### कलेक्ट्रेट में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रातः स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की। अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने जागरूक किया।

### विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किया रोड निर्माण कार्य का भूमि-पूजन

# 44 लाख की लागत से कोठरी में बनेगा बायपास मार्ग, जाम से मिलेगी मुक्ति

विधायक गौपालसिंह इंजीनियर ने कहा, कोठरी बनेगी जिले की स्मार्ट नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



आष्टा विधानसभा क्षेत्र की नगर परिषद कोठरी में विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। उसी कड़ी में शुक्रवार को नगर परिषद कोठरी में 44 लाख की लागत से बनने वाले हॉट बाजार से लेकर गाव खेड़ा मार्ग को जोड़ने वाले बायपास निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने नप अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति सहित सभी जनप्रतिनिधियों, पार्षदों व भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न किया। इस अवसर पर विधायक ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश एवं देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार ग्रामों से लेकर शहरों तक का विकास किया जा रहा है। हमारे विधानसभा क्षेत्र का कस्बा कोठारी जो पूर्व में नगर ग्राम पंचायत थी। लेकिन उसके बाद जब से नगर परिषद बनी है तभी से लेकर अभी तक विकास कार्यों की लगातार सौगातें मिली है। मेरा सपना है की कोठरी, स्मार्ट नगर परिषद के रूप में जानी पहचानी जाये।

कोठरी कस्बे में जो शहर के अंदर जाने के लिए बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती थी तथा कई प्रकार की परेशानियों का सामना यह के नागरिकों को करना पड़ता था। अब इस वायपास के निर्माण होने से इन सब समस्याओं का निदान होगा । वार्ड 10 में उक्त भूमि पूजन कार्यक्रम को विधायक ने संपन्न किया। विधायक श्री इंजीनियर ने अपने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को लोकसेवक के रूप में सीएम व पीएम पद पर रहते हुए 25 वर्ष पूर्ण होने व 17 सितम्बर को उनके जन्मदिन से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़े के दिन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक पूरे देश मे बूथ स्तर तक सेवा संकल्प पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कोठरी की आंगनबाड़ी में भी इसी के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम मनाया गया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भूमिपूजन समारोह में बताया कि कुछ ही महीने में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल के माध्यम से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के 282 ग्रामो में नर्मदा मैय्या का जल पहुचाया जायेगा, 1478 करोड़ की उक्त योजना का आष्टा को बड़ा लाभ मिला है विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि लगभग 250 करोड़ की उक्त योजना का लाभ आष्टा विधानसभा क्षेत्र के करीब 268 ग्रामो को मिलेगा एवं इससे 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा लाभान्वित होगा । ये है हमारी,आपकी सरकार की बड़ी उपलब्धिया।

आगामी 6 माह में खेतों को पानी मिलने लगे ऐसे प्रयास कर रहे है। इसके साथ ही स्वच्छता,हर घर नल से जल,प्रधानमंत्री आवास योजना,देश की सुरक्षा को लेकर कई कार्य किये है । मोदी जी ने विकास का एक अमिट इतिहास लिखा और करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाये। विधायक इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है। आयुष्मान कार्ड बने है जिन्हें गम्भीर बीमारी में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा है,हमारे अन्नदाता किसान भाईयों को हर साल किसान सम्मान निधि मिल रही है। पीएम आवास योजना का लाभ सैकड़ो ग्रामीणों को मिला है।

कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी अतिथियों का नगर परिषद की ओर से भव्य स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कोठरी मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष नगीना दलपति, पार्षद राधेश्याम दलपति,नप उपाध्याक्ष प्रतिनिधि युवराजसिंह चंद्रवंशी, पार्षद मनीषा दिनेश चौधरी, मनीषा जैन, रितु आनंद जैन, जयराम जी, देवकरण दुबे, अरविंद वर्मा, देवकरण मालवीय, जगदीश मेचान, सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, वरिष्ठ जन, पार्षद, एल्डरमैन,गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कोठरी की सभी आंगवाड़ियों का सामूहिक रूप से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में विधायक ने सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनो का सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन पर राहुल शर्मा सीएमओ द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# पीपल चौक पर धूमधाम से मनेगा दुर्गा महोत्सव

### पंडाल निर्माण का किया भूमि-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी नवरात्रि महोत्सव की तैयारी को लेकर आष्टा नगर के पीपल चौक कुम्हार मोहल्ला नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा माताजी के पंडाल का विधिवत भूमि पूजन किया गया।

नौ दिनी महोत्सव में समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक ख्याति प्राप्त पीपल चौक पर माता रानी के पंडाल का स्तंभ व माताजी के स्तंभ एवं माता कक्ष का विधिवत पूजन मंत्रोच्चार के साथ प्रदोषकाल के शुभ मुहूर्त में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण मुकाती शीतला माता समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर वरिष्ठ भाजपा नेता कृपाल सिंह ठाकुर, दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष मोहित सोनी,वार्ड नंबर 16 के पार्षद रवि शर्मा,किंपुरुष समुदाय नायक सलीम भाई,नारायण प्रजापति, दशरथ पटेल, हुकुम दादू, कैलाश यादव, डॉ हरि सिंह ठाकुर,बसंत पाठक आदि ने किया। समिति के सदस्य ने जानकारी देते हो बताया कि आयोजन का यह पंचम वर्ष है इस वर्ष तामोट के कलाकारों द्वारा अपने हाथों से माता रानी की 8 फीट ऊंची बब्बर शेर पर विराजित मनोहरी एवं दिव्य प्रतिमा तैयार की जा रही है।

वही साथ में अलौकिक आकर्षक देवी पंडाल श्रद्धा का केंद्र रहेगा। पीपल चौक के चारों ओर मनमोहक रंग बिरंगी रोशनी की जाएगी भव्यतापूर्ण पंडाल को सजाया जाएगा। प्रतिदिन आध्यात्मिक संस्कार होंगे हवन पूजन कन्या भोज आरती के साथ फलियारी महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा छप्पन भोग लगाए जाएंगे। प्रतिदिन अलग-अलग अलंकारों से देवी की आरती उतारी जाएगी। नगर पुरोहित पंडित महेंद्र पाठक पंडित मनीष पाठक पंडित पं डॉ दीपेश पाठक व माता सेवक दिनेश बैरागी द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ माता कक्ष का पूजन कराया गया और विश्व शांति व सर्वत्र खुशहाली की कामना की गई।इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्य व माता रानी के भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आक्रोश में गेहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज, थाना प्रभारी से चर्चा कर एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



13 दिन बाद भी आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले दोषियों पर पार्वती पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो मेवाड़ा समाज में पुलिस के प्रति लगातार आक्रोश बड़ता गया और जिसका परिणाम यह हुआ कि गुरूवार को गेहलोत मेवाड़ा राजपूत एवं केन्द्रीय युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मंडलोई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के प्रमुखजन पार्वती थाना प्रभारी हरीसिंह परमार से मिले और विस्तार से चर्चा की साथ में पुलिस को जांच में कुछ बिन्दु शामिल करने की बात भी कही।

समाज का बढ़ता आक्रोश देख पुलिस ने तत्काल मृतक के परिजनों को थाने बुलाया और उनके बयान लिये गये, साथ में पुलिस ने यह विश्वास भी दिलाया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगे, उसके बाद समाज के प्रमुखजन एसडीओपी दामोदर गुप्ता से मिले वहां चर्चा के बाद दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर कर एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें मांग कि की छापरी निवासी विश्राम मेवाड़ा को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए विवश करने वालों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए। वहीं कुछ लोगों ने झूठा आरोप लगा कर मृतक विश्राम के साथ मारपीट की गई, विश्राम एक कपड़े की दुकान पर काम करता था ओर उसी के मालिक को दिगम्बर जैन मंदिर किले पर दर्शन कराने के लिए 18 सितम्बर को ले गया था, मालिक दर्शन व पूजा पाठ में व्यस्त थे इसी बीच महिलाओं के चोरी छिपे विडियों बनाने की शंका पर समिति के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की, दूसरे दिन 19 सितम्बर को रोजाना की तरह विश्राम कपड़े की दुकान पर काम करने आ गया उसी समय कुछ लोगों ने दुकान मालिक से उसका मोबाइल ले लिया। समाज के लोगों ने मांग की कि बिना पुलिस को सूचना दिये मृतक का मोबाईल ले गये और गैरकानूनी तरीके से अपने पास रखा। बाद में जब विश्राम ने आत्म हत्या कर ली तो मोबाईल छीनने वालों ने मोबाईल पुलिस को सौंपा। पूरे मामले में विश्राम के साथ मारपीट करने वाले एवं उससे मोबाईल लेकर अपने पास रखने वाले कई प्रकार की शंका के घेरे में आ रहें हैं। आरोप लगाया कि पुलिस को सूचना न देना साक्ष्य छुपाना, मोबाइल अपने पास रखकर निजी दुकान पर मोबाईल की जांच करवाना, बाद में पुलिस को सौंपना एसा लग रहा है कि मोबाईल में ही आत्महत्या का कारण छुपा हुआ है।

विश्राम ने 19 सितम्बर को जहरीला पदार्थ खा लिया, ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है जो लगातार जारी है। गुरूवार को समाज के प्रमुखजनों ने पार्वति थाना प्रभारी से चर्चा की वहीं एसडीओपी दामोदर गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। राजेन्द्र मंडलोई ने कहा कि पुलिस जल्द ही जांच कर विश्राम को प्रताड़ति करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो समाज के बीच बैठक बुलाकर आगे की रूपरेखा पर चर्चा कर उग्र आन्दोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौपने वालों में केन्द्रीय युवा परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र मंडलोई, महेश मूंदीखेड़ी, शैलेन्द्र मूंदीखेड़ी, अरविंद मेवाड़ा जताखेड़ा, सोनू मेवाड़ा, शैलेन्द्र मोलूखेड़ी, आशीष, कुलदीप मेवाड़ा, जितेन्द्र मेवाड़ा, प्रेम, अखिलेश बाबू, राहूल, संजय, अनिल मेवाड़ा, दीपक, बलवान, रमेश पटेल, विनोद मेवाड़ा, भूरू मेवाड़ा, संदीप, संजय पटेल, शुभम जताखेड़ा, कुणाल, गोपाल, गजेन्द्र, आत्माराम, भुपेन्द्र विष्णु पटेल, प्रकाश मेवाड़ा, अंकित राजपूत, सुनील पटले, राहूल मंडलोई, सतीश मेवाड़ा, दशरथ राजपूत, हरीष, धमेन्द्र राकेश आदि समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे। थाना प्रभारी हरिसिंह परमार ने बताया कि मृतक के परिजनों में गम का माहौल था, इसलिए उन्होने नहीं दिये, आज उनके बयान हो चुके हैं, मोबाईल जांच के लिए भेजा गया है, साथ में सीसीटीवी कैमरे के फुटैज के साथ साथ सभी विषय पर जांच की जा रही हैं। एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि पुलिस विश्राम की आत्महत्या को लेकर गंभीर है, हर दृष्टिकोण से मामले की जांच की जा रही है, जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए हैं, अन्य बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। मेवाड़ा राजपूत समाज ने ज्ञापन दिया है, जो भी ज्ञापन में बिन्दु दिये गये सभी बिन्दुओ पर जांच की जावेगी।

# वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक का विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कार्यालय उपायुक्त सहकारिता से रमेशचन्द्र रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अपनी 37 वर्षीय सेवाकाल के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर कार्यालयीन सहकर्मी साथियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया। विदाई समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सहकारिता विभाग प्रमुख सुधीर कैथवास उपायुक्त द्वारा सम्बोधित करते हुए कहाकि रमेश चन्द्र रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक द्वारा शासकीय सेवा में रहते हुए अपने सभी कार्य ईमानदारी पूर्वक समय पर पूर्ण किये हैं। समारोह में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकर्मियों ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना की। इस अवसर पर विभाग की ओर से शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी गई। रमेश चन्द्र रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक ने अपने संबोधन में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहाकि विभाग में बिताया गया कार्यकाल उनके जीवन की महत्वपूर्ण स्मृतियों में सदैव बना रहेगा। इस अवसर पर सुनील सक्सेना, अंकेक्षण अधिकारी, रंजीत सिंह रैकवाल सहकारी निरीक्षक, अनुरूप सिंह ठाकुर सहकारी निरीक्षक, चंद्रलेखा तिवारी, सहकारी निरीक्षक, रोहित नागर सहकारी निरीक्षक, शिवानी दास सहकारी निरीक्षक, सलोनी जैन सहकारी निरीक्षक, इशिका बंसल सहकारी निरीक्षक, अर्चना अग्रवाल सहकारी निरीक्षक, रितेश जैन सहकारी निरीक्षक, विनय शर्मा सहकारी निरीक्षक, वैभव सक्सेना सहकारी निरीक्षक, जतिन गाचले उप अंकेक्षक, कपिल घुंघराले, उप अंकेक्षक, मयंक भाबोर सहायक ग्रेड 3, दीपेश सिसोदिया सहायक ग्रेड 3, लखनलाल दोहरे सहायक ग्रेड 3, मनोहर सिंह परते, कन्हैयालाल यादव, गोविन्द विश्वकर्मा, राहुल उपाध्याय, रमेश शर्मा, नन्नूलाल यादव, विजय यादव, अर्जुन सिंह वर्मा तथा विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# शाकाहारी अभियान के तहत लोगों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व शाकाहार दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और लोगों को शाकाहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा द्वारा मैं भी शाकाहारी मुहिम चलाई गई। शुरू किए गए इस अभियान के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से शाकाहार के लिए पंजीयन कराने वाले 200 से अधिक लोगों को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।आगे ही ये अभियान लगातार चलता रहेगा। प्रदीप चावड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि वे विगत कई वर्षों से शाकाहार के प्रति जागरूकता अभियान चलाते आ रहे हैं। उनका कहना है कि खान-पान का पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है।

विशेष रूप से जुगाली करने वाले पशुओं से मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जबकि पशुपालन के लिए भूमि, पानी और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शाकाहार को लेकर जागरूकता बढ़ाना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शाकाहार केवल भोजन की आदत नहीं, बल्कि जीवों के प्रति संवेदना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी देता है। लोगों को अपने भोजन के विकल्पों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति जागरूक होना चाहिए।

प्रदीप चावड़ा ने बताया कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक संगठन और समूह शाकाहार के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। इसी दिशा में सीवन पुत्र टीम, जो नदियों के संरक्षण और उद्धार के लिए सीवन अभियान चला रही है, अब पर्यावरण संरक्षण के व्यापक उद्देश्य के तहत शाकाहार के प्रति भी लोगों को जागरूक करने की पहल कर रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पूरी सीवन पुत्र टीम सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। टीम द्वारा लोगों को शाकाहारी भोजन के संभावित पर्यावरणीय लाभों की जानकारी देने तथा जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मैं भी शाकाहारी' मुहिम के माध्यम से सीवन पुत्र टीम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण, प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति जागरूक करना है।

### खेड़ापति कमल तालाब पर जनप्रतिनिधियों ने चलाया सेवा संकल्प अभियान

# सामूहिक श्रमदान कर नगर को सुंदर बनाने लिया संकल्प







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया। स्थानीय खेड़ापति कमल तालाब पर आयोजित इस सामूहिक अभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर के नागरिकों ने एक साथ मिलकर साफ-सफाई की और श्रमदान में अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ ने कहा कि पूज्य बापू और शास्त्री जी के आदर्श हमें समाज और नगर की सेवा की प्रेरणा देते हैं। स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। नगर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने सफाई व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए बताया कि सेवा संकल्प अभियान को निरंतर और प्रभावी बनाए रखने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है। इस अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, तालाबों और बाजार क्षेत्रों के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। श्रमदान के पश्चात उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, नपा कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक स्वर में स्वच्छ, सुंदर आष्टा बनाने का संकल्प दोहराया। आमजन से भी अपने आसपास सफाई बनाए रखने तथा पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद रवि शर्मा, एल्डरमेन अवनीश पिपलोदिया, पवन वर्मा, अनिमेष सोनी, लेखापाल यश कौशल, अनिरूद्ध नागर, जगदीश वर्मा, मोहम्मद इसरार, स्वच्छता प्रभारी विनोद सांगते, राजेश घेंघट, अमरदीप सांगते, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, रितेश सांगते, उपयंत्री आदित्य तलनीकर, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार, रमेश यादव, पूरण मेवाड़ा, जीवन करोसिया, बाबूलाल जाटव, नीलू ठाकुर, सुभाष सिसौदिया, धर्मेन्द्र दिसावरी, राजकुमार अकेला सहित बड़ी संख्या में नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर द्वारा शासकीय महाविद्यालय जावर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी के अहिंसा और सत्य के विचारों को आज पूरे विश्व ने अपनाया है। जो देश आज हिंसा और युद्ध में अपना समय और जान-माल की हानि कर रहे हैं, उन्हें भी अंत में महात्मा गांधी के विचारों को अपनाकर अहिंसा के मार्ग पर आना ही पड़ेगा।उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान - जय किसान का नारा देकर देश को मजबूत और किसान को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद सिंह ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, यशवंत सिंह पाटीदार मंडलम अध्यक्ष, शक्ति सिंह पटेल मंडलम अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह ठाकुर, देवकरण सिंह मालवीय, हरपाल ठाकुर,राजपाल ठाकुर, जीवन सिंह मालवीय, हर्षवर्धन सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।